बरेली, रविवार
30 अक्टूबर, 2022
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 18+4=22

दैनिक जागरण

Happy Chhath Puja

PAGE NO. 05 : TOP LEFT

चैंपियनशिप : श्रीराम मूर्ति स्मारक कालेज आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलाजी में यूपी स्टेट टेबिल टेनिस चैंपियनशिप सुबह साढ़े नौ बजे।

PAGE NO. 04 : RIGHT MIDDLE

एसआरएमएस में आयोजित चैंपियनशिप में दम दिखाते खिलाड़ी ● सौ. संस्थान

उप्र में पहली रैंकिंग के अभिवीर को कानपुर के अद्वित ने दी मात

69 वीं स्टेग यूपी स्टेट टेबिल टेनिस चैंपियनशिप

जासं, बरेली: श्रीराममूर्ति स्मारक कालेज आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नालोजी में चल रही 69वीं यूपी स्टेट टेबिल टेनिस चैंपियनशिप के दूसरे दिन शनिवार को महिला और पुरुष वर्ग के 250 मैच खेले गए। सभी प्रतियोगिताओं में अंडर-17 बालक वर्ग का दूसरा राउंड रोमांचित रहा। उप्र में पहली रैंकिंग के खिलाड़ी अभिवीर नंनदा को कानपुर के अद्वित गुप्ता ने 3-1 से हराया।

पुरुष वर्ग के क्वार्टर फाइनल में लखनऊ के दिव्यांश ने गाजियाबाद के फैजल अली को 3-1 से हराया। गाजियाबाद के सार्थक सेठ ने गाजियाबाद के शिवम चंद्रा को 3-0 से, कानव कौशिक ने अर्चित जय को 3-2 और सार्थ मिश्रा ने धैर्य सिंघल को 3-0 से हराया। महिला वर्ग के क्वार्टर फाइनल में लखनऊ की गुनगुन साहू ने गाजियाबाद की मीता दीक्षित को 3-1 से हराया। गाजियाबाद की दिशा ने अवनि त्रिपाठी को 3-0, सुहानी महाजन ने महिका दीक्षित को 3-0 और आरती चौधरी ने प्रयागराज की अंबिका गुप्ता को 3-1 से मात दी। यूथ बालक वर्ग क्वार्टर फाइनल में गौतमबुद्ध नगर के अक्षत त्यागी ने धैर्य सिंघल को 3-1 से शिकस्त दी। लखनऊ के दिव्यांश श्रीवास्तव ने गाजियाबाद के अभिवीर नंनदा को 3-0 से हराया। गाजियाबाद की शिवम चंद्रा ने सार्थ मिश्रा को 3-1, अर्चित जैन ने गौतम बुद्ध नगर के श्रीधर जोशी को 3-1 से हराया। बालिका वर्ग के सेमीफाइनल में गाजियाबाद की सुहानी महाजन ने दिशा को 3-0 व गाजियाबाद की आरती चौधरी ने प्रयागराज की अंबिका गुप्ता को 3-1 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। जूनियर बालक वर्ग के सेमीफाइनल में आगरा के मौलिक चतुर्वेदी ने प्रयागराज के आर्यन कुमार को 3-1 और गाजियाबाद के आर्निस बाना ने गाजियाबाद के अर्चित जैन को 3-2 से मात देकर फाइनल में जगह बनाई। बालिका वर्ग के क्वार्टर फाइनल में गाजियाबाद की सुहानी महाजन ने मीता दीक्षित को 3-2, अवनि त्रिपाठी ने आगरा की सुहानी अग्रवाल को 4-1, "अनिका ने गाजियाबाद की यशिका तिवारी को 3-2 और दिशा ने प्रयागराज की वैष्णवी यादव को 3-1 से पराजित किया।